श्री कुलदीप इंदौरा (गंगानगर) : माननीय सभापति जी, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ ।? (व्यवधान)

मेरे लोक सभा क्षेत्र में दूषित जल आ रहा है, इसके संबंध में मैं अपनी बात रखना चाहता हूँ। वहाँ जो किसान हैं, आमजन हैं, वे दूषित पानी के कारण काफी पीड़ित हैं । मेरे लोक सभा क्षेत्र श्रीगंगानगर के संगरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रतनपुरा में आज भी किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य और दूषित पानी की समस्या के कारण पिछले छ 3 महीने से धरने पर बैठे हैं ।? (व्यवधान)

मैं यह बताना चाहता हूँ कि हमारे यहाँ जो पेयजल आ रहा है, वह तीन परियोजनाओं- भाखड़ा, गंग कैनाल और आईजीएनपी से आता है ।? (व्यवधान) पहली बात तो यह है कि इन तीनों परियोजनाओं में 18 हजार क्यूसेक पानी चलनी चाहिए, जिसके स्थान पर केवल 10 हजार क्यूसेक पानी ही चलती है । गंग कैनाल, जो ढ़ाई हजार क्यूसेक की नहर है, वहाँ मात्र 1800 क्यूसेक पानी चल रहा है, वह भी दूषित पानी आ रहा है और पानी कम आ रहा है, जिसके कारण उससे सिंचाई का काम हो पा रहा है । दूषित पानी के कारण जो समस्याएं सामने आ रही हैं, उनके बारे में मैं बताना चाहता हूँ कि दैनिक भाष्कर के द्वारा गुरुग्राम केयर लैब के द्वारा जाँच करवायी गई ।? (व्यवधान) जाँच में पाया गया कि पानी में कैंसरजन्य तत्व तय मानक से ज्यादा खतरनाक हैं । इस लैब के माध्यम से पता चला कि यहाँ गंदे पानी में एल्यूमिनियम 144 गुना अधिक है, लोहे की मात्रा 5 गुना अधिक है, इसी प्रकार से आयरन निकिल एवं अन्य प्रकार के तत्व भी मौजूद हैं, जो हमारे शरीर के लिए घातक हैं । मैंगनीज जो कैंसर और लीवर के रोगों एवं विभिन्न प्रकार की बीमारियों का कारण है, इससे तमाम लोग रोगग्रस्त हैं । इससे 15 जिले प्रभावित हैं एवं यहाँ के दो करोड़ लोग प्रभावित हैं ।? (व्यवधान)

इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि इसे गंभीरता से लें । उक्त पत्रिका के सर्वे के बाद यह रिपोर्ट उजागर हुई । इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूँ कि इसे गंभीरता से लिया जाए ताकि हमारे यहाँ के लोगों का आने वाला भविष्य सुरक्षित हो सके ।? (व्यवधान)

धन्यवाद ।